संपादकीय

# यूनियनों का 'भारत बंद'

इसके लिए खुद ट्रेड यूनियनें भी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने बदलते वक्त के मुताबिक अपनी रणनीति और तौर-तरीकों को नहीं बदला। मजदूरों में राजनीतिक चेतना लाना बहुत पहले उनके एजेंडे से निकल चुका है। ऐसे में यूनियनों की गतिविधि का सारा मकसद मजदूर वर्ग को फौरी राहत दिलवाना भर रह गया है। मजदूर संगठनों की दो दिन आम हड़ताल का छिटपुट असर तो रहा, लेकिन यह वैसा प्रभाव नहीं पैदा कर पाया, जिसकी अपेक्षा ट्रेड यूनियनों ने की थी। इस हड़ताल का समर्थन किसान संगठनों ने भी किया था। इसलिए भी इस पर नजर टिकी हुई थी। ऐसे कयास लगाए गए कि क्या मजदूर और किसान मिल कर संघर्ष का कोई ऐसा मॉडल बना पाएंगे, जिसको लेकर वर्तमान सरकार चिंतित हो। स्पष्टत: फिलहाल ऐसा नहीं हुआ है। इससे ये बात फिर रेखांकित हुई है कि भारत में ट्रेड यूनियन आंदोलन अपनी चमक और आकर्षण खो चुका है। इसकी वजहें उद्योग और कारोबार जगत का बदलता स्वरूप है, लेकिन सिर्फ यही नहीं है। इसके लिए खुद ट्रेड यूनियनें भी जिम्मेदार रही हैं, जिन्होंने बदलते वक्त के मुताबिक अपनी रणनीति और तौर-तरीकों को नहीं बदला। मजदूरों में राजनीतिक चेतना लाना बहुत पहले उनके एजेंडे से निकल चुका है। ऐसे में यूनियनों की गतिविधि का सारा मकसद मजदूर वर्ग को फौरी राहत दिलवाना भर रह गया है। इसमें जब-तब सफलता मिल सकती है, लेकिन इससे मजदूर आंदोलन वह रूप नहीं ले सकता, जिससे वह व्यवस्था की निरंकुशता पर लगाम लगाने में सफल हो। गौरतलब है कि केंद्रीय श्रम संगठनों के एक साझा मंच ने केंद्र सरकार की कई नीतियों के खिलाफ दो दिनों के भारत बंद का ऐलान किया। कहा गया था कि इस वजह से पूरे देश में बैंक, यातायात, बिजली और टेलीकॉम जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। श्रम संगठनों ने दावा किया था कि बंद में संगठित और असंगठित क्षेत्र के 20 करोड़ से भी ज्यादा कर्मचारी शामिल होंगे। बैंक, सडक़ यातायात, रेल, स्टील, तेल, टेलीकॉम, कोयला, डाक, आय कर और बीमा जैसे क्षेत्रों के कर्मचारियों के हड़ताल भी शामिल होने की संभावना जताई गई थी। ऐसा नहीं है कि बंद का बिल्कुल असर नहीं हुआ। कई जगहों पर मजदूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में जुलूस निकाले या सभाएं कीं। लेकिन यह सब एक सामान्य गतिविधि की तरह बना रहा। बंद में आइएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीआईटीयू जैसे कई श्रम संगठनों ने हिस्सा लिया। संगठनों के साझा मंच की प्रमुख मांगों में लेबर कोड को खत्म करना, सरकारी कंपनियों के निजीकरण को रोकना, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन (एनएमपी) को खत्म करना, मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ाना और अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों को पक्का रोजगार देना शामिल हैं।

# 1000 रुपए के पार जाएगा एक्सिस बैंक का शेयर, सिटी बैंक की डील का असर




**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के एक्सिस बैंक ने अमेरिका के सिटी बैंक के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करने का ऐलान किया है। इस अधिग्रहण के बाद एक्सिस बैंक का शेयर भाव 1000 रुपए के पार जा सकता है। ये दावा अलग-अलग एक्सपर्ट कर रहे हैं।

कितना बढ़ेगा शेयर का भाव : ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के मुताबिक अगले 12-15 माह के लिए बैंक ने 1,040 रुपए का टारगेट प्राइस रखा है। इसके साथ ही बाय रेटिंग दी है। वहीं, एंबिट के विश्लेषकों ने कहा है कि एक्सिस एक मजबूत बैंकिंग फ्रैंचाइज़ी है। सिटी के भारत के खुदरा व्यापार के अधिग्रहण से एक्सिस की प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत होनी चाहिए। एंबिटा के मुताबिक एक्सिस का शेयर 997 रुपये के स्तर तक जा सकता है।

फिलिपकैपिटल के लोग भी बैंक स्टॉक को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि उनका मानना है कि सिटी बैंक का कंज्यूमर पोर्टफोलियो एक्सिस बैंक की लोन बुक को रिटेलाइज और ग्रेन्युलराइज करने की महत्वाकांक्षा को पूरा करता है।

एक्सिस-सिटी की डील : एक्सिस बैंक ने सिटीग्रुप के क्रेडिट कार्ड, खुदरा बैंकिंग, ग्राहक ऋण और संपत्ति प्रबंधन समेत भारत में उपभोक्ता बैंक कारोबार का 12,325 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। इस सौदे के तहत सिटीबैंक के करीब 3,600 कर्मचारी एक्सिस बैंक से जुड़ेंगे। सौदा 2023 की पहली छमाही में पूरा होने की उम्मीद है। इस सौदे में सिटी के संस्थागत ग्राहक कारोबार शामिल नहीं है।

एक्सिस बैंक के मुताबिक वह क्रेडिट कार्ड जारी करने के मामले में चौथा सबसे बड़ा बैंक है। इसके कुल 86 लाख कार्ड हैं तथा इस सौदे से करीब 25 लाख क्रेडिट कार्ड और जुड़ेंगे। इससे एक्सिस बैंक देश में कार्ड कारोबार के लिहाज से तीन शीर्ष बैंकों में से एक होगा। एक्सिस का खुदरा बही-खाता करीब चार लाख करोड़ रुपये का है और इस सौदे से सिटीबैंक इंडिया के करीब 30 लाख ग्राहक जुड़ेंगे। साथ ही उसे 18 शहरों में सात कार्यालय, 21 शाखाएं और 499 एटीएम प्राप्त होंगे।

सिटी का खुदरा बही-खाता करीब 68,000 करोड़ रुपये का है। इसमें खुदरा कर्ज 28,000 करोड़ रुपये है। कुल 12 लाख बैंक खातों के साथ भारतीय कारोबार का बैंक के वैश्विक लाभ में योगदान 1.5 प्रतिशत है।

# पीएम किसान ईकेवाईसी की लास्ट डेट फिर बढ़ी

**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना से रजिस्टर्ड 12 करोड़ 53 लाख से अधिक किसानों के लिए एक राहत भरी खबर है। अब ई-केवाईसी की अंतिम तिथि में एक बार फिर बदलाव किया गया है। पहले 31 मार्च से दो दिन पहले 22 मई 2022 की गई। इसके बाद आज यानी 31 मार्च को फिर से इसकी डेड लाइन बढ़ाकर 31 मई 2022 कर दी गई है।

पीएम किसान पोर्टल पर जारी संदेश के मुताबिक पीएम किसान पंजीकृत किसानों के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य है। ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से आधार आधारित ईकेवाईसी को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। सभी पीएम किसान लाभार्थियों के लिए ईकेवाईसी की समय सीमा 31 मई 2022 तक बढ़ा दी गई है। पीएम किसान योजना के तहत मोदी सरकार अब 10 किस्तें जारी कर चुकी है। सालाना 6000 रुपये की रकम हर साल किसानों के खातों में 2000-2000 की तीन समान किस्तों में भेजी जाती है। 11वीं किस्त रामनवमी के दिन जारी हो सकती है। अगर परिवार में कोई टैक्सपेयर है तो इस योजना का लाभ उसे नहीं मिलेगा। परिवार का आशय पति-पत्नी और अवयस्क बच्चे से है। जो लोग खेती की जमीन का इस्तेमाल कृषि कार्य की जगह दूसरे कामों में कर रहे हैं। बहुत से किसान दूसरों के खेतों पर किसानी का काम तो करते हैं, लेकिन खेत के मालिक नहीं होते। यदि कोई किसान खेती कर रहा है, लेकिन खेत उसके नाम नहीं है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। अगर खेत उसके पिता या दादा के नाम है तब भी वे इस योजना का फायदा नहीं उठा सकते। अगर कोई खेती की जमीन का मालिक है, लेकिन वह सरकारी कर्मचारी है या रिटायर हो चुका हो मौजूदा या पूर्व सांसद, विधायक, मंत्री उन्हें पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिलता। प्रोफेशनल रजिस्टर्ड डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट या इनके परिवार के लोग कोई व्यक्ति खेत का मालिक है, लेकिन उसे 10000 रुपये महीने से अधिक पेंशन मिलती है।

# पेट्रोल-डीजल में उतरा महंगाई का करंट, 6.40 रुपये का बड़ा झटका

**नई दिल्ली ।** अब पेट्रोल-डीजल के जरिए अब रोज महंगाई का करंट लग रहा है। आज भी पेट्रोल-डीजल ने 80-80 पैसे का झटका दिया है। गुरुवार को पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन के नए रेट जारी किए तो जयपुर-अहमदाबाद से पटना और भोपाल से चेन्नई तक पेट्रोल 100 रुपये के पार चला गया। यहां तक कि मुंबई में डीजल भी अब 100 रुपये से अधिक हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद 101.81 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस तरह 10 दिन में दिल्ली में पेट्रोल 6.40 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, डीजल भी 6 रुपये 40 पैसे तक महंगा हुआ है। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के लिए 101.81 रुपये और डीजल के लिए 93.07 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले 21 मार्च को राजधानी में पेट्रोल का दाम 95.41 और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था। अब 22 मार्च 2022 से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। 22 मार्च से 23 मार्च तक रोजाना पेट्रोल-डीजल 80-80 पैसे महंगा हुआ।

# टाटा ग्रुप की टीटीएमएल कंपनी के शेयरों का कमाल, एक लाख हो गए 54.65 लाख




**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. (टीटीएमएल) के शेयरों में एक साल पहले पैसा लगाने वाले निवेशक मालामाल हो गए हैं। एक साल में इस टेलीकॉम कंपनी ने 1082 फीसद का रिटर्न दिया है। यानी एक साल पहले जिसने भी एक लाख रुपये इसमें लगाए होंगे, उसका एक लाख 10 लाख 82000 रुपये हो गया होगा। क्योंकि एक साल पहले इसकी कीमत 12.30 रुपये थी। जबकि 3 साल में इसने 5365.57 फीसद का रिटर्न दिया है। यानी एक लाख रुपये 3 साल में ही करीब 55 लाख बन गए। बता दें 11 जनवरी को टीटीएमएल का शेयर अपने ऑल टाइम हाई 290.15 रुपये पर बंद हुआ था।

आठ मार्च को यह स्टॉक 93.40 रुपये पर आ गया था और आज अपर सर्किट के साथ एनएसई पर 166.70 रुपये पर है। बता दें यह स्टॉक 290.15 रुपये से 93.40 रुपये तक लुढ़कने के बाद पिछले कई सत्रों से अपर सर्किट के साथ कारोबार कर रहा है। वैसे तो पिछले एक हफ्ते में इस स्टॉक ने केवल 4.45 फीसद रिटर्न दिया है, लेकिन एक महीने पहले इसमें जिसने भी पैसा लगाया होगा और आज तक इस स्टॉक में बना है, तो उसे 41.75 फीसद का रिटर्न मिल रहा है। हालांकि, 3 महीने पहले टीटीएमएल के शेयर खरीदने वाले अभी 19.21 फीसद के नुकसान में हैं।

32,588.65 करोड़ रुपये की मार्केट कैपिटल वाली टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में पैसा लगाने वाले निवेशक करीब एक महीने पहले तक मायूस थे। कंपनी का तिमाही परिणाम आने के बाद इस स्टॉक में लगातार लोअर सर्किट लगता रहा। बता दें टाटा टेलीसर्विसेज लि. (टीटीएमएल) ने समयोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाये से संबंधित ब्याज को इक्विटी में बदलने के निर्णय के बाद यह स्टॉक बुरी तरह गिरा।

# 15 रुपये से 1500 का हुआ यह शेयर, 2 साल में ही लोगों को बना दिया करोड़पति



**नई दिल्ली ।** बिड़ला ग्रुप की एक कंपनी ने जबरस्त रिटर्न दिया है। यह कंपनी एक्सप्रो इंडिया है। कंपनी के शेयरों ने पिछले 2 साल में ही निवेशकों को 9,000 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया गया है। जिन लोगों ने कंपनी के शेयरों में 2 साल पहले सिर्फ 1 लाख रुपये लगाए आज की तारीख में वह करोड़पति बन गए हैं। एक्सप्रो इंडिया के शेयर सिर्फ 2 साल में ही 15 रुपये से 1,500 रुपये के स्तर पर पहुंच गए हैं।

**1 लाख रुपये लगाने वाले बन गए करोड़पति-** एक्सप्रो इंडिया के शेयर 27 मार्च 2020 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 15 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 31 मार्च 2022 को 1500 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों ने पिछले 2 साल में निवेशकों को 9300 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने 2 साल पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो आज की तारीख में यह पैसा 1 करोड़ रुपये से अधिक होता।

**1 साल में कंपनी के शेयरों ने दिया 1900प्रतिशत रिटर्न-** एक्सप्रो इंडिया के शेयरों ने पिछले एक साल में निवेशकों को 1916 फीसदी रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 31 मार्च 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 74.40 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 31 मार्च 2022 को 1500 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर किसी निवेशक ने ठीक एक साल पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो मौजूदा समय में यह पैसा 20.16 लाख रुपये होता। एक्सप्रो इंडिया के शेयरों ने पिछले 6 महीने में 170 फीसदी से ज्यादा रिटर्न लोगों को दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई-लेवल 1674 रुपये है। जबकि 52 हफ्ते का लो-लेवल 70.10 रुपये है।

# महिला विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर हुई पेरी



**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 2022 आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम की स्टार ऑलराउंडर एलीसे पेरी वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मैच से बाहर हो गई हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लीग मैच में पीठ में चोट का सामना करने वाली ऑलराउंडर पेरी समय रहते पूरी तरह फिट नहीं हो पाईं।

लैनिंग ने सेमीफाइनल मैच की पूर्वसंध्या पर कहा, हम कल पेरी के बिना ही मैदान पर उतरेंगे और संभवत: अगले मैच से पहले उनकी फिटनेस की जांच करेंगे। यह उनके और पूरी टीम के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हमारी टीम में गहराई है, जिससे हम इस स्थान को भर सकते हैं।


ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने उम्मीद जताई है कि अगर टीम तीन अप्रैल को खेले जाने वाले फाइनल में प्रवेश करती हैं तो पेरी चयन के लिए उपलब्ध होंगी। फिलहाल उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर पूरा जोर लगाएगी।

लैनिंग ने कहा, उन्होंने पिछले हफ्ते ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की है। कल उन्होंने नेट में बल्लेबाजी की थी, लेकिन वह पूरी तरह से फिट नहीं थीं। वह 100 प्रतिशत योगदान देने की स्थिति में नहीं थीं। इस वजह से हमें यह मुश्किल निर्णय लेना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि यह लगातार दूसरा विश्व कप सेमीफाइनल होगा, जहां पेरी ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगी। इससे पहले 2020 टी-20 विश्व कप के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के चलते वह सेमीफाइनल मैच से चूक गईं थीं।

इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लीग मैच में पेरी गेंद को सीमा रेखा पर जाने से रोकने का प्रयास कर रही थी, तब उनकी पीठ में चोट लग गई। वह तुरंत मैदान से बाहर चली गईं थीं। उस मैच में उन्होंने बल्लेबाजी भी नहीं की थी।

# आरआरआर के हिंदी संस्करण ने पांच दिन में 100 करोड़ क्लब में किया प्रवेश




इंडियन सिनेमा के टॉप डायरेक्टर में शुमार एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के हिंदी वर्जन ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। दिल्ली, गुजरात, यूपी, बिहार, राजस्थान में फिल्म आरआरआर का दबदबा है। फिल्म के हिंदी वर्जन ने 5 दिन में 107.59 करोड़ की कमाई कर ली है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, आरआरआर ने पांचवे दिन यानी मंगलवार को 15.02 करोड़ का कलेक्शन किया। 5 दिन में राजामौली की फिल्म आरआरआर का हिंदी वर्जन में कुल कलेक्शन 107.59 करोड़ हो गया है। पॉजिटिव वर्ड माउथ का मूवी को जबरदस्त फायदा हो रहा है। अगर फिल्म की कमाई की यही रफ्तार जारी रहेगी तो आरआरआर 200 करोड़ का आंकड़ा छू लेगी।

आरआरआर ने 19 करोड़ के साथ खाता खोला था। इसके बाद से फिल्म की कमाई का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। फिल्म ने 4 दिनों में 91.50 करोड़ की कुल कमाई की। अब 5वें दिन यानी मंगलवार की कमाई मिलाने के बाद आरआरआर के हिंदी वर्जन की कमाई 100 करोड़ के पार पहुंच गई है।

आरआरआर एसएस राजामौली की हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 3सरी फिल्म बन गई है।

# तापसी पन्नू की मिशन इम्पॉसिबल के लिए नवीन पॉलीशेट्टी ने दी अपनी आवाज



तापसी पन्नू आगामी फिल्म मिशन इम्पॉसिबल से टॉलीवुड में वापसी कर रही है। अभिनेता नवीन पॉलीशेट्टी फिल्म में अपनी आवाज देंगे। मिशन इम्पॉसिबल को एक थ्रिलर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। फिल्म एक अविश्वसनीय सच्ची घटना पर आधारित है।

इस बाउंटी हंटिंग फिल्म का निर्देशन एजेंट साई श्रीनिवास आत्रेय फेम के टैलेंटेड डायरेक्टर स्वरूप आरएसजे ने किया है।

निर्माताओं के अनुसार, स्वरूप आरएसजे ने अपने मनोरंजक लेखन के साथ अवधारणा का व्यावसायीकरण किया है। फिल्म में सभी व्यावसायिक तत्व होंगे और यह एक्शन और रोमांचकारी तत्वों के साथ एक पूर्ण मनोरंजक फिल्म होगी।

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन उम्दा बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ ज्यदा समय बीतेगा। स्टूडेंट्स की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। ऑफिस के कार्यों के प्रति आज आपको सचेत रहना चाहिए।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी।

***मिथुन:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन करेंगे, जिससे घर पर मेहमानों का आन जाना लगा रहेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक साबित होगी। आज आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित करेगा। आज हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे।

***सिंह:***आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा।

***कन्या:***आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी अड़चन आएगी, लेकिन समय रहते ही कार्य को पूरा कर लेंगे। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे।

***तुला:*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा होगी। दूसरों की राय आज आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा ऑफिस में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे। कुछ लोग आपसे काम सीखने की चाह रखेंगे।

***धनु:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में काम ज्यादा होने की वजह से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा।

***मकर:*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में किसी टीम मेंबर के साथ नये प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी। आज किसी काम को लेकर आपका नजरिया दूसरों से अलग रहेगा।

***कुंभ:*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में आज कोई ऐसा काम आपको मिलेगा, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे।

***मीन:*** आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रुके हुये काम पूरे होने पर आपको ख़ुशी का अनुभव होगा।सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

# लंच या डिनर में बनाएं झटपट से हेल्दी 'टोफू ग्रीन पुलाव'



लंच या डिनर के लिए कुछ लाइट बनाना है साथ ही हेल्दी भी, तो इसके लिए टोफू ग्रीन पुलाव है बेस्ट। जिसे बनाने में बहुत ज्यादा वक्त भी नहीं लगता। तो आइए जानते हैं इसकी क्विक रेसिपी।

## सामग्री :

पालक- 1 कप (कटे हुए), मेथी की पत्तियां- 1 कप (कटी हुई), धनिया- 1/2 कप (बारीक कटी हुई), हरा प्याज- 1/2 कप (कटा हुआ), हरी मटर- 1/2 कप, हरी शिमला मिर्च- कटी हुई, बीन्स- कप (कटी हुई), टोफू - 1/2 कप (क्यूब्स में कटे हुए), हरी मिर्च- बारीक 2 कटी हुई, जीरा- 1/2 चम्मच, घी- 1 टेबलस्पून, तेल- आवश्यकतानुसार, दालचीनी- 2 इंच, काली इलायची- 2, हरी इलायची- 4, लौंग- 6, तेजपत्ता- 2, काजू- 1 टेबलस्पून, बासमती चावल- 1 कप, नमक- स्वादानुसार

## विधि :

सबसे पहले बासमती चावल को धोकर 30 मिनट के लिए भिगोकर रख दें। मिक्सी में पालक, मेथी के पत्ते, हरी धनिया, हरी मिर्च डालकर इसका पेस्ट तैयार कर लें। कुकर में घी या तेल गरम करें। जैसे ही ये गर्म हो जाए इसमें जीरा, तेजपत्ता, काली इलायची, लौंग, हरी इलायची और दालचीनी का टुकड़ा डालें। जैसे ही तड़कने लगे इसमें टोफू क्यूब्स, काजू डालकर 20 सेकेंड तक फ्राई करें। इसके बाद इसमें शिमला मिर्च, बींस, मटर और बारीक कटे हुए हरे प्याज डालकर एक मिनट तक फ्राई करें फिर इसमें बासमती राइस डालें। कच्चे चावल डालने के बाद भी कम से कम एक मिनट तक फ्राई करना है। इसके बाद इसमें वो पालक-मेथी वाला पेस्ट डालेंगे और 2 कप पानी भी। सारी चीज़ों को मिक्स करें। कुकर का ढक्कन लगा दें और दो सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें। तैयार है टोफू ग्रीन पुलाव, जिसे आप रायते के साथ सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 28

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

# सू-दोकू- 28

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |